बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 4803....../सांसद रायपुर लोकसभा/25 रायपुर, दिनांक 17/08/2025

प्रति,

माननीय श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
मंत्रालय, महानदी भवन
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

विषय :– सिंचाई कॉलोनी शांति नगर रायपुर, कृषि उपज मंडी मैदान पंडरी तराई रायपुर एवं भैसथान, मैदान अग्रसेन चौक रायपुर में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण, आवासीय निर्माण के बजाय लोकहित में ऑक्सीजोन या गार्डन/खेल मैदान का निर्माण करने बाबत्।

–00–

माननीय महोदय,

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद राजधानी रायपुर की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है जिस अनुपात में जनसंख्या एवं यातायात का दबाव रायपुर में बढ़ रहा है उस अनुपात में लोकहित एवं लोकस्वास्थ्य के लिए अब शहर के अंदर शासकीय भूमि उपलब्ध नही है। शहर के अंदर ना तो जनसंख्या के अनुपात में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजोन है ना बड़े गार्डन है और ना ही बच्चों के खेलने के लिए खेल का मैदान उपलब्ध है। वाहनों की भी लगातार बढ़ती संख्या के कारण शहर की सड़के अब छोटी पड़ने लगी है। शहर के अंदर व्यावसायिक गतिविधियों के चलते यातायात का दबाव तेजी से बढ़ते जा रहा है। आज स्थिति यह है कि अमूमन शहर के चौक–चौराहों में ट्रैफिक जाम की स्थिति दिनभर बनी रहती है।

तत्कालीन कांग्रेस की भूपेश बघेल, सरकार द्वारा सिंचाई कॉलोनी शांति नगर रायपुर, कृषि उपज मंडी मैदान पंडरी तराई रायपुर एवं भैंसथान, रायपुर में आवासीय एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण का निर्णय लिया गया था, उस समय भी मैंने जनहित में व्यापक विरोध किया था लगातार सदन तक में इस विषय में लड़ाई लड़ी थी, व्यापक विरोध एवं जनआक्रोश के चलते ही कांग्रेस की सरकार के द्वारा शांति नगर सिंचाई कॉलोनी रायपुर में निर्माण के कार्यो को/इस योजना पर काम बंद कर दिया गया था।

.....02

Scanned with OKEN Scanner

बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 4803/सांसद रायपुर लोकसभा/25 रायपुर, दिनांक 17/08/2025

शहर का जनमत भी इन स्थानों पर व्यावसायिक एवं आवासीय कॉम्प्लेक्स निर्माण के खिलाफ है।

राजधानी रायपुर में बढ़ते यातायात की समस्या, जनसंख्या के बढ़ते धनत्व, के चलते ही थोक बाजारों को एक–एक कर शहर के बाहर ले जाने की योजनाऐं बनाई जा रही है। ऐसे वातावरण में शहर के अंदर शासन द्वारा शहर के मध्य नये व्यावसायिक/आवासीय योजना बनाना कहीं से उचित प्रतीत नहीं होता। इन शहर के अंदर रिक्त या रिक्त कराई जा रही शासकीय भूमि पर शहर के लाखों जनता के स्वास्थ्यगत् हितों को देखते हुए बच्चों के भविष्य को देखते हुए ऑक्सीजोन/गार्डन/खेल मैदान का निर्माण किया जाना चाहिए। सरकार के लिए लोकहित व लोकस्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

नई राजधानी, अटल नगर, नवा रायपुर में बड़ी मात्रा में भूमि उपलब्ध है पर बसाहट एवं चहल–पहल नहीं है। नई राजधानी की बसाहट को दृष्टिगत् रखते हुए यह उपयुक्त होगा कि नये व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स एवं आवासीय भवनों का निर्माण नई राजधानी क्षेत्र में ही कराया जाये, जिससे वहां पर भी बसाहट हो सकें। शहर के अंदर लाये जा रहे बड़ी योजनाओं या ऐसे कार्यो को लेकर आपसे अनुरोध है कि अधिकारीगण राजधानी रायपुर के माननीय विधायकगण एवं सांसद से भी चर्चा के बाद ही ऐसा कोई योजना बनावें।

आपसे पुनः आग्रह है कि लोकहित एवं लोकस्वास्थ्य को दृष्टिगत् रखते एवं शहर को भविष्य में और गंभीर यातायात की समस्या से निजात दिलाने सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, कृषि उपज मंडी मैदान पंडरी तराई एवं भैंसथान रायपुर सहित शहर के अंदर रिक्त शासकीय भूमि पर कांक्रीट के जंगल खड़ा करने के बजाय सिर्फ और सिर्फ ऑक्सीजोन/गार्डन/खेल मैदान का निर्माण किया जाये, जो जनता के जीवन के लिए सर्वोपरि है।

सादर

(बृजमोहन अग्रवाल)

Scanned with OKEN Scanner